दैनिक भास्कर 12/03/2024

रोजगार मेले में 250 विद्यार्थियों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

अम्बाला | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज कैंट में प्लेसमेंट सेल द्वारा युवाओं के लिए रोजगार मेले लगाया गया। मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने उद्यमी छात्रों को रोजगार संबंधित अवसरों के लिए चयन का मौका दिया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के दरवाजे खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रोजगार मेले में 20 से अधिक कंपनियों ने शिरकत की, जिनमें मुख्यत प्यूमा, क्रॉसलैंड फाउंडेशन, विद्या ज्योति एडवर्सिटी, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस, श्रीराम फाइनेंस, एयू बैंक, डीजी एक्सपर्ट्स, न्यूज 99, मुथूट फाइनेंस, डीजी बुक्स व अन्य कई कंपनियां शामिल रही। प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज डॉ. अनुपमा सिहाग ने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने के लिए 250 विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। मौके पर डॉ. रवनीत कौर, डॉ. नियति व श्याम रहेजा शामिल रहे।